RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

इंदौर प्रति मंगलवार, 3 मार्च 2026 से 9 मार्च 2026 तक | वर्ष 13 | अंक 41 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु.



## चीनी हथियारों की पोल खुली, तीन मोर्चों पर एक जैसी नाकामी ने उठाए बड़े सवाल




नई दिल्ली। पश्चिमी हथियारों के सस्ते और प्रभावी विकल्प के तौर पर प्रचारित किए जा रहे चीन में बने हथियार अब लगातार सवालों के घेरे में हैं। हालिया घटनाओं में पाकिस्तान, वेनेजुएला और ईरान जैसे देशों में चीनी डिफेंस सिस्टम बार-बार फेल होते नजर आए हैं।

इन नाकामियों ने "बैटल-टेस्टेड टेक्नोलॉजी" के दावों को कमजोर कर दिया है और चीनी सैन्य इंजीनियरिंग की असलियत उजागर कर दी है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने बिना LoC पार किए सटीक हमले किए, जिसमें पाकिस्तान की चीनी निर्भर एयर डिफेंस व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। आधुनिक रडार और मिसाइल सिस्टम भारतीय इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और स्वदेशी एयर डिफेंस के सामने टिक नहीं पाए। यह साफ दिखा कि चीनी सिस्टम स्टेल्थ, जैमिंग और तेज प्रतिक्रिया वाली लड़ाई के लिए तैयार नहीं हैं। इसी तरह वेनेजुएला में अमेरिकी विशेष बलों के ऑपरेशन के दौरान चीनी रडार और मिसाइल सिस्टम न तो समय पर अलर्ट दे पाए और न ही किसी कार्रवाई में सफल रहे। भारी निवेश के बावजूद एयर डिफेंस नेटवर्क तकनीकी खामियों, खराब मेंटेनेंस और प्रशिक्षित क्रू की कमी से जूझता दिखा। ईरान में भी यूएस-इजरायल के हमलों ने यही तस्वीर पेश की। आधुनिक स्टेल्थ विमानों और स्टैंड-ऑफ हथियारों के सामने चीनी सिस्टम की रडार कवरेज, सॉफ्टवेयर और जैमिंग से बचाव कमजोर साबित हुआ।

**तीनों मोर्चों पर एक जैसी विफलता यह संकेत देती है**

कि समस्या सिर्फ ऑपरेटर की नहीं, बल्कि खुद सिस्टम की डिजाइन, सॉफ्टवेयर और कॉम्बैट हार्डनिंग में है। लगातार सामने आ रही इन कमियों से वैश्विक हथियार बाजार में चीन की साख को बड़ा झटका लगा है।

## महाकाल के आंगन में सबसे पहले जली होलिका, भस्म आरती में बरसेंगे परंपरा के रंग



**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में सोमवार को परंपरा अनुसार सबसे पहले होलिका दहन किया गया। संध्या आरती के दौरान भगवान महाकाल को शकर से बनी विशेष माला अर्पित की गई और हर्बल गुलाल से पूजन कर आरती संपन्न हुई। इसके बाद मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत होलिका दहन किया गया, जिसके साथ ही होली उत्सव की शुरुआत हो गई। मंगलवार तड़के चार बजे होने वाली भस्म आरती में परंपरा के रंग देखने को मिलेंगे। इस दौरान पुजारी भगवान महाकाल के साथ हर्बल गुलाल से होली खेलेंगे। धुलेंडी के दिन मंदिर की परंपरा के अनुसार दिन की सभी पांच आरतियों में भगवान को गुलाल अर्पित किया जाएगा।

## खाड़ी में फंसे भारतीयों की सुरक्षित वापसी की तैयारी तेज

### IndiGo चलाएगी 10 विशेष राहत उड़ानें

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनावपूर्ण हालात के बीच केंद्र सरकार खाड़ी देशों में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षित निकासी को लेकर पूरी तरह सक्रिय हो गई है। विदेश मंत्रालय और संबंधित भारतीय दूतावास लगातार स्थानीय प्रशासन के संपर्क में हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में भारतीयों को तुरंत मदद दी जा सके। इसी क्रम में देश की कई राज्य सरकारों ने भी अपने-अपने नागरिकों की जानकारी जुटाकर सहायता प्रक्रिया तेज कर दी है।



नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि पश्चिम एशिया में हवाई क्षेत्र की बदलती परिस्थितियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। इसी बीच IndiGo ने तीन मार्च को सऊदी अरब के जेद्दा से भारत के विभिन्न शहरों के लिए 10 विशेष राहत उड़ानें संचालित करने की योजना बनाई है। ये उड़ानें सभी आवश्यक स्वीकृतियों और हवाई क्षेत्र की स्थिति के आधार पर संचालित होंगी। इंडिगो जेद्दा स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के साथ समन्वय कर रही है, ताकि यात्रियों की सूची और आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जा सकें। सूत्रों के अनुसार जेद्दा से हैदराबाद, मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद के लिए विशेष उड़ानें प्रस्तावित हैं। इस बीच रविवार रात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में खाड़ी देशों में रह रहे भारतीय प्रवासियों की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता जताई गई। सरकार ने साफ संकेत दिए हैं कि जरूरत पड़ने पर हर संभव कदम उठाकर भारतीय नागरिकों को सुरक्षित स्वदेश लाया जाएगा।






# थाना चंदन नगर क्षेत्र में होली , रंगपंचमी रमजान माह ईद त्योहारों के मद्देनजर शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चंदन नगर थाना पुलिस ने आपराधिक प्रवृत्ति के बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की

**खुशबू श्रीवास्तव**

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस उपायुक्त जोन-4 श्रीआनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-4 श्री दिशेषअग्रवाल एवं सहायक पुलिस आयुक्त अन्नपूर्णा श्री शिवेन्दु जोशी के मार्गदर्शन में थाना चंदन नगर पुलिस के द्वारा क्षेत्र के गुंडों, निगरानी बदमाशों, चाकूबाजो और सक्रिय अपराधियों को पृथक पृथक धर पकड़ कर थाने आया गया व गुंडा परेड कराई जाकर प्रत्येक बदमाश से स्वयं के द्वारा डोजियर भरवाया गया। और जो बदमाश सक्रिय हैं उसे लाल नोटिस जारी किया गया व जो कम सक्रिय है उसे पिला नोटिस जारी किया जाकर 42 बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई व सभी बदमाशों को भविष्य में अपराध न करने की सख्त हिदायत दी गई तथा शपथ दिलाई गई। चंदन नगर पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है ।

# स्कूल में बच्चों ने खूब खेली होली, एक-दूसरे को गुलाल लगाकर दी बधाई

## होली प्रेम और भाईचारे का प्रतीक , इसे आपसी सद्भाव के साथ मनाएं: दिनेश सिंह परिहार

**दिव्यानंद अर्गल**

मालनपुर :- होली पर अवकाश से पहले सोमवार को शिवाजी पब्लिक एवं बचपन इंटरनेशनल स्कूल के छात्र रंगों की फुहार और उत्साह से सराबोर नजर आए। विद्यालय में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम में विद्यालय संचालक ने शिक्षकों के साथ मां सरस्वती की पूजा कर कार्यक्रम की शुरुआत की,तो वहीं होलिका दहन कर असत्य पर सत्य की विजय का संदेश दिया ।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और गले मिलकर



शुभकामनाएं दीं। विद्यालय में होली के गीत गूंजे बच्चों ने पारंपरिक अंदाज में होली खेली। गुलाल उड़ाते हुए विद्यार्थियों ने आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। दोनों ही विद्यालयों के संचालक दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू ने बच्चों को बताया कि होली आपसी सद्भाव और मेलजोल का पर्व है। होली ऐतिहासिक और सांस्कृतिक का प्रतीक है। बच्चों ने संयमित और सुरक्षित ढंग से रंगोत्सव मनाया। होली मिलन समारोह में छात्रों ने पारंपरिक होली गीतों से माहौल को उत्सवमय बना दिया। विद्यालय के शिक्षकों ने होली के त्यौहार को सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं और सुरक्षित व पर्यावरण अनुकूल होली मनाने का संकल्प लिया ।

# कुबेर स्वसहायता समूह ने डे एनयूएलएम योजना अंतर्गत लगाया हर्बल उत्पादों का स्टॉल

**प्रदीप सिंह बघेल**

**शहडोल नगर पालिका परिषद शहडोल के तत्वावधान में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन डे एनयूएलएम योजना अंतर्गत गठित कुबेर स्वसहायता समूह द्वारा नगर पालिका कार्यालय के समीप हर्बल रंगोली एवं हर्बल साबुन का स्टॉल स्थापित किया गया है।**

कुबेर स्वसहायता समूह की महिला सदस्यों द्वारा पूर्णतः प्राकृतिक एवं पर्यावरण-अनुकूल हर्बल उत्पादों का निर्माण कर उन्हें आमजन के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। समूह द्वारा तैयार हर्बल रंगोली एवं साबुन स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक सराहनीय प्रयास है। यह पहल न केवल स्थानीय व स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दे रही है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



नगर पालिका परिषद शहडोल ने नगरवासियों से अपील की है कि वे कुबेर स्वसहायता समूह द्वारा निर्मित हर्बल उत्पादों का अधिक से अधिक क्रय करें, जिससे समूह की महिलाओं को आर्थिक लाभ प्राप्त हो और उनके स्वरोजगार के प्रयासों को मजबूती मिले। नगर पालिका परिषद द्वारा स्वसहायता समूहों को निरंतर प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे स्वरोजगार के माध्यम से अपनी आजीविका सुदृढ़ कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

# इंदौर इंटरनेशनल ट्रेड फेयर-2026

## व्यापार, संस्कृति और उत्साह का महाकुंभ




**खुशबू श्रीवास्तव**

इंदौर। शहर में एक बार फिर व्यापार और संस्कृति का भव्य संगम होने जा रहा है। गुप्ता इवेंट मैनेजमेंट प्रा. लि. द्वारा आयोजित "इंदौर इंटरनेशनल ट्रेड फेयर–2026" का आयोजन 6 मार्च से 16 मार्च 2026 तक लाभगंगा एग्जीबिशन सेंटर, इंदौर में किया जाएगा। पिछले 15 वर्षों से सफल प्रदर्शनियों और कॉर्पोरेट इवेंट्स के लिए प्रसिद्ध यह संस्था इस बार और भी भव्य तैयारी के साथ सामने आई है। इस वर्ष आधुनिक एसी पवेलियन तैयार किए गए हैं, ताकि प्रदर्शकों और आगंतुकों को विश्वस्तरीय और आरामदायक अनुभव मिल सके। मेले में भारत के 22 राज्यों और 10 देशों की भागीदारी रहेगी, जहां 1 लाख से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगेगी। प्रदर्शनी में कश्मीर से लेकर दक्षिण भारत तक का फर्नीचर, सोफा सेट, डाइनिंग सेट, हैंडीक्राफ्ट और हैंडलूम उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। अफगानिस्तान के ड्राई फ्रूट्स, ईरान के प्रसिद्ध खजूर, थाईलैंड की ज्वेलरी और फुटवियर, कोरियन लेडीज एक्सेसरीज, एंटीक मेटल और स्टोन ज्वेलरी, दुबई के परिधान, सिंगापुर के विशेष वॉल फ्रेम्स सहित देश-विदेश।

# चिड़ार समाज के लोगो ने बड़े धूम धाम से मनाया कांग्रेस पार्षद सुदामा चौधरी का जन्मदिन

**खुशबू श्रीवास्तव**

चिड़ार समाज की धर्मशाला का में नवीन भवन तैयार हुआ है जिसमें कांग्रेस पार्षद सुदामा चौधरी ने मुख्य रूम से मदद की है और खुद खड़े रहकर सुदामा चौधरी ने नवीन भवन का निर्माण करवाया है सुदामा चौधरी चिड़ार समाज के लोगो के प्रति विशेष स्नेह रखते है क्योंकि बाबा नर्मदेश्वर महादेव प्राचीन काल के 65 शिव मन्दिर पर विराजमान है और चिड़ार समाज के लोग बाबा नर्मदेश्वर महादेव जी की पूजा अर्चना करते आ रहे है सुदामा चौधरी भी कई बार बाबा नर्मदेश्वर महादेव जी की पूजा करते रहते है 65 शिव मंदिर मुसाखेड़ी में पार्षद सुदामा चौधरी आए दिन जन जन तक मदद पहुंचाते रहते है चिड़ार समाज के लोग भी पार्षद सुदामा चौधरी को अपने परिवार का सदस्य मानते है और सुदामा चौधरी भी चिड़ार समाज के लोगो का ख्याल अपने परिवार की तरह रखते है इसी लिए उनके जन्म दिन के मौके पर



भारी मात्रा में चिड़ार समाज के लोगो ने सुदामा चौधरी का जन्मदिन बहुत ही धूम धाम से मनाया जिससे पार्षद सुदामा चौधरी चिड़ार समाज के द्वारा दिए गए सम्मान से खुश होकर सुदामा चौधरी ने कहा बाबा नर्मदेश्वर महादेव से यही प्रार्थना है चिड़ार समाज के लोगो की उन्नति हो ,तरक्की हो ,ओर चिड़ार



समाज भी राजनीतिक स्तर पर आगे आए मुख्य रूप से इस आयोजन में चिड़ार समाज के जिला अध्यक्ष जितेंद्र शेरा,जिला सचिव नितिन चंदेल, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र हांडे, ओर पूर्व चिड़ार समाज अध्यक्ष नितिन गेहलोद के साथ लीला किशन उस्ताद , अभिषेक हांडे, आशीष हांडे, रवि बेलिया, जगदीश सांवर, अंकित ईश्वरी, निक्की शेरा, मनोहर गेहलोद, प्रीतम गेहलोद,गब्बर पांडे, ब्रजमोहन ईश्वरी, दयाराम ईश्वरी, चन्दर सुनेर,दीपक सुनेर , कुंवर लाल ईश्वरी, दिनेश ईश्वरी, अनिल झिरवार, जितेन्द्र झिरवार, रमेश झिरवार,मोहन हांडे, नंद किशोर हांडे,दीपक हांडे , शुभम हांडे,आनंद हांडे, निखिल हांडे,छोटू हांडे ,गोरी शंकर हांडे, कृष्ण गोपाल चंदेल, नारायण गेहलोद, रामेश्वर ईश्वरी, निखिल ईश्वरी, जगदीश ईश्वरी , बाबू ईश्वरी, राजू बेलिया,जगदीश बेलिया, मोनू बेलिया , शुभम बेलिया, माइकल वर्मा , राजकुमार वर्मा,रामरतन वर्मा, अनूप वर्मा, सेलू बेलिया, सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।



# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

इंदौर प्रति मंगलवार, 3 मार्च 2026 से 9 मार्च 2026 तक




# आगामी त्यौहारों के मद्देनजर, इंदौर पुलिस कमिश्नरेट की गुंडे, बदमाशों एवं असमाजिक तत्वों के साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वाले लापरवाह चालकों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही...

आदित्य शर्मा

इंदौर। पुलिस द्वारा सरप्राइज चौकिंग में गुंडे बदमाशों एवं अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त रहने वाले असामाजिक तत्वों आदि को चेक करते हुए, उनमे से 543 पर की उचित वैधानिक कार्यवाही। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 280 लापरवाह वाहन चालकों के विरुद्ध की गई 185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही तेज आवाज में डीजे बजाकर लोगों को परेशान करने वालों के विरूद्ध 02 प्रकरण पंजीबद्ध कर, कोलाहल अधिनियम व अन्य प्रांसगिक धाराओं में की है कड़ी कार्यवाही। सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से शराब का सेवन करने वालों के विरुद्ध 24 प्रकरण तथा अवैध मादक पदार्थ का सेवन करने वालो के विरुद्ध 10 प्रकरण पंजीबद्ध कर बदमाशों/असामाजिक तत्वों पर की वैधानिक कार्यवाही। अवैध रूप से अवैध हथियार (चाकू) लेकर घूमने वाले 6 बदमाश पकड़ाए तथा अवैश शराब के विक्रय करने वाले 12 आरोपियों को भी गिरफ्त में लेकर की आबकारी एक्ट की कार्यवाही।

**हॉटस्पॉट व शैडो एरिया में ड्रोन पेट्रोलिंग कर की चौकिंग व निगरानी तथा संवेदनशील क्षेत्रों में किया गया फ्लैग मार्च**

शहर में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण तथा आगामी होली/रंगपंचमी, रमजान आदि त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए, पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा प्रभावी व सघन चौकिंग एवं पेट्रोलिंग के दिशा निर्देश दिए गए हैं।



उक्त निर्देशों के अनुक्रम में एडिशनल कमिश्नर (का./व्य.) श्री अमित सिंह व एडिशनल कमिश्नर (क्राइम) इंदौर श्री आर.के. सिंह के मार्गदर्शन में में इंदौर शहर के चारों जोन के डीसीपी नेतृत्व में, दिनांक 01-02 मार्च 2026 की दरमियानी रात्रि से 03 बजे तक नगरीय इंदौर के संबंधित क्षेत्र के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ पुलिस फोर्स ने सभी थाना क्षेत्रों में गुंडे बदमाशों असामाजिक तत्व पर निगरानी एवं धरपकड़ के लिए विशेष चौकिंग व पेट्रोलिंग की गई। इस दौरान इंदौर पुलिस द्वारा गुंडे/बदमाशों व असामाजिक तत्वों की निगरानी करते हुए कई सारे गुंडे/बदमाशो को चेक करते हुए, उनमे से 543 पर उचित वैधानिक कार्यवाही की गई हैं जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकरणों में वांछित कुल 103 से ज्यादा वारंटों को कराया गया तामील, जिसमें लंबे समय से फरार 21-स्थाई, 31-गिरफ्तारी और 51-जमानती वारंट किए तामील इस दौरान अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए शराब पीकर वाहन चलाने वाले लापरवाह वाहन चालकों पर कड़ा प्रहार करते हुए, 280 वाहन चालकों के विरुद्ध 185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही की गई। और ये कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी ताकि शराब पीकर वाहन चलाते हुए लोगों की जान जोखिम में डालने वाले ऐसे लापरवाह वाहन चालकों की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सके। अवैध रूप से अवैध हथियार (चाकू) लेकर घूमने वाले 06 बदमाशों को पकड़कर आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की गई हैं तथा अवैश शराब के विक्रय करने वाले 12 आरोपियों से भी 200 से ज्यादा क्वाटर अवैध देशी शराब, एक पेटी बीयर व 4 बॉटल अंग्रेजी शराब जप्त कर, सभी को गिरफ्त में लेकर की आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई। अवैध मादक पदार्थ का सेवन करने वालो के विरुद्ध 10 प्रकरण पंजीबद्ध कर एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही की गई। वहीं सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से शराब का सेवन करने वालों के विरुद्ध 24 प्रकरण पंजीबद्ध कर बदमाशों/असामाजिक तत्वों पर की वैधानिक कार्यवाही। आदतन बदमाशों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए- 170 ठछै में-19 व 129 ठछै में-07, 126ठ/135(3) ठछै में-129, 141-1ख में 4, इस प्रकार कुल 159 बदमाशो/असामाजिक तत्वों पर की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही/समंस तामिल। इस दौरान हॉटस्पॉट व शैडो एरिया में ड्रोन पेट्रोलिंग कर की चौकिंग व निगरानी करते हुए, क्षेत्र के अपराधिक प्रवृत्ति के गुंडे/बदमाशों, चाकूबाजों, निगरानीशुदा बदमाश और जिलाबदर व रासुका के बदमाशों को चेक कर की कार्यवाही और आगे कोई अपराध ना करने की दी हिदायत । इस दौरान कई फरार अपराधी भी पुलिस की गिरफ्त में आये है, जिनके विरुद्ध वैद्यानिक कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान चेक किये/पकड़े गए बदमाशों को अपराध ना करने की हिदायत देते हुए उनसे डोजियर भी भरवाए गए हैं। इंदौर पुलिस द्वारा गुंडे/बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# 60 कम्पोजिट मदिरा दुकानों का ई-टेंडर से होगा आवंटन

आदित्य शर्मा

इंदौर। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए इंदौर जिले में मदिरा दुकानों के निष्पादन को लेकर आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी, जिला इंदौर द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार जिले के 56 मदिरा समूहों में शामिल 173 कम्पोजिट मदिरा दुकानों में से 19 मदिरा समूहों की 60 दुकानों का निष्पादन बैच-2 के प्रथम चरण में ई-टेंडर (ई-टेंडर एवं ई-टेंडर कम ऑक्शन) के माध्यम से किया जाएगा। इन 19 मदिरा समूहों का वार्षिक मूल्य लगभग 6,54,20,15,093 रुपये निर्धारित किया गया है। यह पूरी प्रक्रिया मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 45 दिनांक 20 फरवरी 2026 तथा आबकारी आयुक्त, म.प्र., ग्वालियर के निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराई जाएगी। जारी जानकारी के अनुसार यह आवंटन अवधि 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक प्रभावी रहेगी। ऑनलाइन टेंडर फॉर्म डाउनलोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि 03 मार्च 2026 प्रातः 10:00 बजे से 05 मार्च 2026 दोपहर 02:00 बजे तक निर्धारित की गई है। वहीं ई-टेंडर कम ऑक्शन की प्रक्रिया 05 मार्च 2026 को दोपहर 02:05 बजे से प्रारंभ होकर पूर्ण होने तक चलेगी। प्रत्येक मदिरा समूह के लिए ई-टेंडर निविदा प्रपत्र का मूल्य 30,000 रुपये निर्धारित किया गया है। आबकारी विभाग ने इच्छुक आवेदकों से निर्धारित समय सीमा में ऑनलाइन प्रक्रिया पूर्ण करने का आग्रह किया है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी, कक्ष क्रमांक 209, कलेक्ट्रेट परिसर, इंदौर से संपर्क किया जा सकता है।

# केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने 107 करोड़ की लागत से सागौर एवं मानपुर के दो रेलवे ओवर ब्रिज का किया लोकार्पण

**आदिवासी अंचल में रेल विकास से खुलेगा प्रगति का नया द्वार**

दिलीप पाटीदार

**धार लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन परियोजना में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में सागौर एवं मानपुर स्थित ब्रिज क्रमांक 234 ए एवं 221 ए के दो रेलवे ओवर ब्रिजों का लोकार्पण कर उन्हें जनता की सेवा में समर्पित किया गया।**

लगभग 107 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इन दोनों ओवर ब्रिजों का निर्माण कार्य पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती सावित्री ठाकुर ने कहा कि ये ओवर ब्रिज क्षेत्र की जनता को सुरक्षित, सुगम एवं निर्बाध आवागमन की सुविधा प्रदान करेंगे। लंबे समय से क्षेत्रवासियों की यह मांग थी, जो आज पूर्ण हुई है। उन्होंने बताया कि कुछ दिवस पूर्व ही उन्होंने इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन के प्रगतिरत कार्यों का विशेष ट्रॉली में बैठकर विस्तृत निरीक्षण किया था तथा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि निर्माण कार्य समय-सीमा में एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। आज इन ओवर ब्रिजों का लोकार्पण उसी प्रतिबद्धता का परिणाम है। केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती ठाकुर ने उपस्थित जनसमुदाय को विश्वास दिलाया कि शीघ्र ही लोकसभा क्षेत्र के नागरिकों को रेलवे परिवहन की सीधी सुविधा मिलने जा रही है। रेल संपर्क प्रारंभ होने से आदिवासी अंचल में व्यापार, शिक्षा, रोजगार एवं स्वास्थ्य सेवाओं के नए अवसर विकसित होंगे और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट संकल्प है कि आदिवासी अंचलों में विकास कार्य सर्वांगीण रूप से निरंतर चलते रहें। सड़क, रेल, बिजली, पानी और अन्य आधारभूत संरचनाओं का सुदृढ़ीकरण विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला है। केंद्र सरकार अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सागौर एवं मानपुर के ये ओवर ब्रिज केवल यातायात की सुविधा नहीं, बल्कि क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक हैं। आने वाले समय में लोकसभा क्षेत्र में और भी विकास कार्यों को गति दी जाएगी, जिससे क्षेत्र समग्र प्रगति की ओर अग्रसर हो सके। कार्यक्रम में श्री निलेश भारती, रेलवे डीआरएम श्री अश्विनी कुमार सहित समस्त क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, आमजन एवं कार्यकर्ता बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने इस महत्वपूर्ण विकास कार्य के लिए प्रसन्नता व्यक्त की।

# होली: रंगों का उत्सव नहीं, समाज की चेतना का पर्व



गोपाल गावंडे
प्रधान संपादक



होली भारतीय संस्कृति का ऐसा पर्व है, जो केवल रंगों तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन दर्शन, सामाजिक समरसता और आत्मिक शुद्धि का संदेश देता है। यह पर्व हमें हर वर्ष याद दिलाता है कि जीवन में चाहे कितनी ही कटुता क्यों न आ जाए, अंततः प्रेम, विश्वास और सद्भाव ही विजयी होते हैं। होलिका दहन की अग्नि में केवल लकड़ियां नहीं जलतीं, बल्कि अहंकार, द्वेष, ईर्ष्या और अन्याय के प्रतीक भी भस्म होते हैं।

आज के समय में जब समाज तेजी से बदल रहा है, रिश्तों में औपचारिकता बढ़ रही है और संवाद की जगह टकराव ले रहा है, तब होली का महत्व और गहराता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि मतभेद चाहे जितने भी हों, उन्हें मनभेद में बदलने से पहले रोक लेना ही समझदारी है। होली का रंग सबको एक समान कर देता है। अमीर-गरीब, ऊंच-नीच, पद और प्रतिष्ठा सब रंगों में घुल जाते हैं। यही इसकी सबसे बड़ी सामाजिक शक्ति है।

परंपरागत रूप से होली उल्लास, मस्ती और सामूहिकता का पर्व रही है। गांव की चौपाल से लेकर शहर की गलियों तक, लोग एक-दूसरे के घर जाकर गले मिलते थे, शिकवे-शिकायतें भूलकर रिश्तों को नया जीवन देते थे। लेकिन समय के साथ बाजारवाद, दिखावे और कभी-कभी असंयम ने इस पर्व की आत्मा को चोट पहुंचाई है। तेज केमिकल रंग, पानी की बर्बादी और जबरन रंग लगाने जैसी प्रवृत्तियों ने होली की गरिमा पर सवाल खड़े किए हैं।

आज आवश्यकता है कि हम होली को फिर से उसकी मूल भावना के साथ मनाएं। प्राकृतिक और हर्बल रंगों का प्रयोग, जल संरक्षण, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों की भावनाओं का सम्मान और स्वेच्छा से उत्सव में भागीदारी, यही आधुनिक होली की पहचान होनी चाहिए। होली का आनंद तभी पूर्ण होता है जब वह किसी के लिए पीड़ा या अपमान का कारण न बने। होली हमें यह भी सिखाती है कि जीवन में परिवर्तन आवश्यक है। जैसे धुलेंडी के बाद रंग धुल जाते हैं, वैसे ही हमें भी अपने भीतर जमी नकारात्मकता को धो डालना चाहिए। क्रोध, द्वेष और असहिष्णुता से मुक्त होकर ही समाज आगे बढ़ सकता है। आज जब देश और दुनिया अनेक चुनौतियों से जूझ रहे हैं, होली का संदेश और भी प्रासंगिक हो जाता है कि समाधान टकराव में नहीं, संवाद और सहयोग में है।

इस होली पर हमें केवल रंग खेलने का नहीं, बल्कि सोच बदलने का संकल्प लेना चाहिए। नफरत की दीवारों को गिराकर, विश्वास की नींव मजबूत करनी चाहिए। अगर हम होली के इस गहरे अर्थ को समझ लें, तो यह पर्व केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि पूरे वर्ष समाज को जोड़ने वाली शक्ति बन सकता है। यही होली की सच्ची सार्थकता है और यही इसका सबसे बड़ा संदेश।







# होली चैतन्य के रंग में सराबोर होने का पर्व

## विभिन्न रंगों की ऊर्जा आध्यात्मिक चेतना के विभिन्न स्तरों को प्रभावित करती है



होली रंगों का, स्नेह का, दोस्ती का त्योहार है। पुराने सारे बैर मिटाकर वातावरण में आपसी सद्भावना का संचार करना ही होली मनाने का उद्देश्य है। सहजयोग प्रणेता और हमारी परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी होली पर जो प्रवचन दिया था, उसके आधार पर, " कुंडलिनी के माध्यम से साधक विराट द्वारा निर्मित अपने शरीर में स्नेह का संचार करते हैं जिससे हमारा शरीर चैतन्य की अनुभूति पाता है। रंग सभी चक्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं। हर चक्र का अलग रंग है। चैतन्य के माध्यम से हमारे अंदर स्थित चक्रों का रंग पूरे वायु में स्नेह रुप में प्रवाहित होने लगता है, हम इस प्रवाह के माध्यम बन जाते हैं। जब हम किसी को रंग लगाते हैं तब हमारे साथ उस रंग से जुड़ा उसका चक्र भी आशीर्वादित होता है। जब हम किसी को लाल रंग लगाते हैं तब अनजाने में ही हमारी यह भावना होती है कि वह लाल रंग से पूर्णतया रंग जाये। लाल रंग मूलाधार का चक्र है और अबोधिता का द्योतक है।

होली का आध्यात्मिक तथ्य श्री माताजी के प्रवचन के सारांश से स्पष्ट होता है। रंगों की सुगंध और मिठाई की खुशबू इस त्योहार को रंगीन और मीठा बनाती है। योग ज्ञान के आधार पर अबोधिता गुण वाले मूलाधार चक्र (जड़ चक्र)का रंग लाल, सृजनात्मकता वाले चक्र स्वाधिष्ठान का पीला, संतुष्टि प्रदान करने वाले नाभी का रंग हरा, निर्भयता व आत्मविश्वास देने वाले हृदय चक्र का रंग माणिक लाल, साक्षी भाव प्रदान करने वाले विशुद्धि का रंग नीला, क्षमाशीलता के गुण वाले आज्ञा चक्र का रंग सफेद और सदाशिव के आसन सहस्त्रार का रंग इंद्रधनुषी है। अपने प्रियजनों और मित्रों को रंग लगाते समय सहज योगी साधक की सार्थकता सभी को मिले, यही हमारी परमपूज्य श्री माताजी से प्रार्थना है। होली की कथा यह है कि होलिका की मृत्यु के सुख, संतुष्टि और शांति से आल्हादित लोगों ने एक दूसरे पर होलिका दहन की राख मलकर होली मनाई थी। कथा यह भी है कि कामदेव ने शिव पर अपने पुष्प बाण से प्रहार किया, जिससे शिव की समाधि भंग हो गयी. क्रुद्ध होकर, शिव ने अपना तीसरा नेत्र खोलकर कामदेव को भस्म कर दिया. बाद में, देवताओं ने शिव को पार्वती से विवाह के लिए राजी किया. इस घटना को याद करते हुए, फाल्गुन पूर्णिमा को होली के रूप में मनाया जाता है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक, ब्रज में सबसे पहले होली श्रीकृष्ण और राधा ने खेली थी. कहा जाता है कि श्रीकृष्ण ने ही अपने ग्वालों के साथ होली खेलने की शुरुआत की थी। होली की शुरुआत पर चाहे कितनी भी कहानी हो, उद्देश्य बेहद सुखद है क्योंकि जीवन में रंगों का महत्व बहुत गहरा होता है, रंग ऊर्जा, भावनाओं और आध्यात्मिक चेतना को प्रभावित करते हैं। विभिन्न रंग विभिन्न ऊर्जाओं और गुणों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो योग अभ्यास और साधना के लिए तो उपयोगी है ही, बडी सार्थकता के साथ हमारे त्योहारों से भी जुड़े हैं। सहज योग को गहनता से समझने, जुड़ने और आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं ।

## सहज योग व्यक्तिगत के स्थान पर मानव के सामूहिक उत्थान की पद्धति है

सहजयोग एक ध्यान की क्रिया है जिसे प.पू माताजी श्री निर्मला देवी द्वारा 5 मई 1970 से आरम्भ किया गया, जो की आज विश्व के लगभग 120 देशों में प्रचलित है, सहजयोग से कुंडलिनी जागरण एवं आत्मसाक्षात्कार की अनुभूति की जा सकती है, व जैसे ही कुण्डलिनी का जागरण होता है वैसे ही मानव अपने अंदर परम शांति को अनुभव करता है, उसके विचार शून्य हो जाते है,एवं नियमित ध्यान करने से वह धीरे-धीरे अपने अंदर व्याप्त अनेक बीमारियों एवं विकारों से भी निजात पाता है। देश एवं विदेशों के अनेक वैज्ञानिकों ने सहजयोग ध्यान पर शोध किया है, एवं इस ध्यान के माध्यम से परम शान्ति व अनेक बीमारियों एवं विकारों से मुक्ति की पुष्टि की है, इसे हर आयु, धर्म एवं वर्ग के लोग महसूस कर सकते है। आज के इस प्रतियोगी दौर में अत्यधिक तनाव में रहने वाले युवा एवं विद्यार्थी सहजयोग के माध्यम से तनाव दूर कर सुख एवं आनंदमय जीवन व्यापन कर रहे है। सहजयोग का किसी भी विशेष जाति वर्ण एवं धर्म से मतलब नहीं है इसे सभी मानव अनुभव कर सकते हैं। सहज योग को अभिनव अविष्कार कहा जा सकता है क्योंकि यह सामूहिकता में मानवता के उत्थान को करता है इससे पूर्व व्यक्ति अपना व्यक्तिगत उत्थान ही कर पाता था एक समूह में एक साथ अनेक लोगों का उत्थान संभव हुआ जब सहज योग में सामूहिक आत्मसाक्षात्कार की घटना घटित हुई। इसके साथ ही ध्यान का अभ्यास करने वाला व्यक्ति स्वयं अपनी अनुभूति से अन्य व्यक्ति को आत्मसाक्षात्कार दे सकें यह भी संभव हुआ। इसका लाभ यह हुआ कि जिस तरह एक साथ बैठकर पूजा की जा सकती है उसी प्रकार एक साथ बैठकर ध्यान भी किया जा सकता है तो घर के सभी सदस्य एक साथ बैठकर अगर ध्यान



करते हैं तो समस्त घर का मंगल होता है और नकारात्मकता हटकर पावन सकारात्मकता सभी परिवार के सदस्यों के भीतर एक साथ प्रवेश करती है। अपने आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

## आत्मप्रकाश, कठिनाईयों व दुविधाओं में विवेकयुक्त मार्गदर्शक होता है

प्रकाश एक प्रकार की ऊर्जा है जो हमारी आंखों को संवेदित करता है। प्रकाश स्त्रोत से निकलकर वस्तु पर पड़ता है तथा इनसे परावर्तित होकर आंखों को संवेदित कर वस्तु के होने का ज्ञान कराता है। प्रकाश की अनुपस्थिति में वस्तुएं होकर भी नहीं होती हैं। यह स्थूल जगत का वैज्ञानिक तथ्य है। हमारे सूक्ष्म शरीर में आत्मा प्रकाश बनकर ज्योतित होती है आत्मा का प्रकाश सदैव स्पंदन युक्त व शुद्ध होता है सूर्य के प्रकाश में हम स्थूल जगत को समझ पाते हैं परंतु आत्मा के प्रकाश में स्थूल व सूक्ष्म दोनों ही जीवन प्रकाशित होते हैं। आत्मप्रकाश कितना विस्तारित हो सकता है यह निर्भर करता है कि आप की चेतना का स्तर क्या है? चेतना का स्तर जितना उच्च होता है आपकी दृष्टि उतनी ही प्रकाशित होती है और इस प्रकाश में साधक दैवीय स्पंदनों व अनुभवों का साक्षी बनता है। अनेक महापुरुषों के चित्र में प्रदर्शित प्रकाश वृत्त इसी चेतना का प्रतीक है। क्योंकि आत्मा व्यैक्तिक ना होकर ब्रह्मांड व्यापी है अतः उसकी चेतना का स्तर भी विश्वव्यापी होता है। और इस चेतना का प्राकट्य मात्र प्रेम के रूप में होता है। श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा प्रतिस्थापित सहज योग साधक के अंत में इसी चेतना की जागृति करता है इस संदर्भ में श्री माताजी ने वर्णित किया है कि, "…. आत्मा का प्रकाश आपको धीरे-धीरे सब कुछ बताएगा, जितना आप इसे सहन कर सकते हैं। यह आपको कुछ ऐसा नहीं बताएगा जिसे आप सहन नहीं कर सकते। यह एक बहुत अच्छी समरुप तुलना है, जब हम यह कहते हैं कि,"आप एक प्रकाश हैं", लेकिन यह प्रकाश जो आपके पास है, वह इस मामूली प्रकाश से बहुत अलग है। साधारण प्रकाश समझता नहीं है। वह सोचता नहीं है। अब जो प्रकाश आपके पास है, यह वो प्रकाश है जो



समझता है, सोचता है और यह आपको उतनी ही रोशनी देता है जितनी आप सहन कर सकते हैं। यह दमकेगा नहीं। अगर यह कौंधेगा, तो आप हक्के बक्के हो जाएंगे। यह धुंधला नहीं पड़ेगा। यह पूर्णतया उसी अनुपात में रहेगा जितना आप समझ सकते हैं।" (२१ जुलाई १९९३) आत्मा का यह प्रकाश भौतिक जगत की अस्थिरताओं, कठिनाईयों, दुविधाओं में आपका विवेकयुक्त मार्गदर्शन करता है तथा अक्षुण्ण आनंद प्रदान करता है। इस प्रकाश से साक्षात्कार हेतु सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं – 1800 2700 800 यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा।

# होली/, रंगपंचमी त्यौहार को लेकर, इंदौर पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी चैकिंग में अवैध पिस्टल के साथ आरोपी पकड़ाया

**आदित्य शर्मा**

इंदौर। शहर में किसी वारदात को अंजाम देने के पूर्व ही अवैध देशी पिस्टल के साथ शातिर आरोपी, पुलिस थाना भंवरकुआं की कार्यवाही में धाराया शातिर आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्टल व 04 जिंदा कारतूस जप्त पकडे गये बदमाश से विस्तृत पूछताछ की जा रही है, जिसमें हो सकते है बड़े खुलासे इंदौर शहर में अपराध नियंत्रण एवं आगामी होली/रंगपंचमी, रमजान आदि त्यौहार को ध्यान में रखते हुए, बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रख प्रभावी कार्यवाही के निर्देश, पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के तारतम्य में पुलिस उपायुक्त जोन-04 श्री आनंद कलादगी व अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री दीशेष अग्रवाल के मार्गदर्शन में, सहायक पुलिस आयुक्त जूनी इंदौर श्री विजय चौधरी के निर्देशानुसार थाना प्रभारी भंवरकुआ द्वारा क्षेत्र में हाट स्पाट चैकिंग व संदिग्धों की चेकिंग की जा रही है। इसी अनुक्रम में दिनांक 01/03/26 को हाट स्पाट एंव क्षेत्र में सघन चैकिंग दौरान पुलिस टीम को एक संदिग्ध व्यक्ति दिखा जो पुलिस को देख कर भागने लगा। पुलिस बल द्वारा संदेही को घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी लेने पर संदेही व्यक्ति के कब्जे से 01 देशी पिस्टल व 4 जिंदा कारतूस मिले, जिसके संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जिस पर आरोपी के विरूद्ध थाना भंवरकुआ पर अपराध क्रमांक 239/2025 धारा



25,27 आर्म्स एक्ट अन्तगर्त अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी केतन शर्मा उम्र 26 साल नि. जौरा थाना जौरा जिला मुरैना हाल नि. टेकर वाली गली थाना भंवरकुआ जिला इन्दौर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है । प्रकरण में विवेचना जारी है तथा आरोपी से अवैध हथियार के स्रोत के संबंध में पूछताछ भी की जा रही है जिसमें कई खुलासे होने की संभावना है। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी भंवरकुआं व पुलिस टीम उनि जितेन्द्र कुमार , आर 1871 अंकित सिंह भदौरिया , आर 2429 विनीत राजपूत , आर 1105 शैलेन्द्र , आर 3949 रविकान्त शर्मा , आर. 1637 शिवपाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# बदमाशों की लगी पुलिस थाने में क्लास, डोजियर भरवा कर दी शांति भंग न करने की चेतावनी



**आदित्य शर्मा**

इंदौर। आदतन अपराधियों को यलो व रेड नोटिस थमा, दी अब आगे अपराध न करने की हिदायत इंदौर-शहर में अपराधों पर नियंत्रण तथा होली/रंगपंचमी , रमजान आदि त्यौहारों को देखते हुए आदतन अपराधियों व असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के निर्देश पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा दिए गए हैं। जिसके परिपेक्ष्य में नगरीय इंदौर के विभिन्न थाना क्षेत्र में ऐसे सभी बदमाशों व आपराधिक तत्वों को शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पाबंद कर डोजियर भरवाए गए। और सक्रिय बदमाशों के बाउण्ड भराये तथा रेड एवं योलो नोटिस तामील कराए गए।

आदतन आपराधियों को हिदायत दी गयी कि उनके द्वारा भविष्य में किसी भी प्रकार की शांति भंग या कानून व्यवस्था का उल्लंघन करने का प्रयास किया जाता है तो उनके विरुद्ध उचित व कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। गुंडे बदमाशों की अपराधिक प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने हेतु यह कार्यवाही सभी थानों में चल रही है और आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## जनगणना 2026-27 के प्रथम चरण में भवन/मकानों पर मकान नम्बर अंकन का कार्य प्रारंभ

**दिलीप पाटीदार**



सरदारपुर भारत की जनगणना 2026-27 के अंतर्गत बड़ोदिया में जनगणना कार्य निदेशालय के निर्देशानुसार जनगणना का प्रथम चरण प्रारंभ किया गया है। इस चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जा रहा है, जिसमें घर-घर जाकर भवन/मकान नम्बर अंकन, अनुमानित परिवार संख्या, मुखिया का नाम, निवास का स्वरूप (आवासीय/अनावासीय) सहित अन्य आवश्यक जनगणना संबंधी आंकड़ों का संग्रहण किया जा रहा है। प्रथम चरण के अंतर्गत नियुक्त प्रगणक घर-घर जाकर प्रत्येक भवन एवं आवासीय/ व्यावसायिक इकाई को एक विशिष्ट जनगणना मकान संख्या प्रदान कर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन के अनुसार, यह मकान संख्या केवल जनगणना प्रयोजन के लिए है और यह ग्राम पंचायत या अन्य स्थानीय निकाय द्वारा जारी स्थायी मकान नंबर से भिन्न हो सकती है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे सर्वेक्षण दल को सही एवं पूर्ण जानकारी प्रदान करें और मकान पर अंकित की गई संख्या को सुरक्षित रखें।

# ई.व्ही.एम. व्ही.व्ही.पी.ए.टी वेयरहाउस का हुआ निरीक्षण



**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ई.व्ही. एम. व्ही.व्ही.पी.ए.टी वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन श्री प्रतीक खरे, राजनैतिक दल के प्रतिनिधि श्री विष्णु प्रताप सिंह, अरफाना बेगम सहित अन्य राजनैतिक दल के प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजगढ़ नगर परिषद सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक हुई संपन्न

**दिलीप पाटीदार**



राजगढ़ नगर परिषद के सभाकक्ष में आगामी त्योहार होली, धुलेंडी, रंगपंचमी एवं रमजान-ईद को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस विभाग, नगर परिषद प्रतिनिधियों, विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों सहित पत्रकार उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता सरदारपुर एसडीओपी विश्वदीपसिंह परिहार राजगढ़ थाना प्रभारी समीर पाटीदार प्रशासनिक अधिकारी द्वारा की गई। इस दौरान एसडीओपी विश्वदीपसिंह परिहार ने क्षेत्र की कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी त्योहार आपसी भाईचारे और समन्वय के साथ मनाए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ संदेश या सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फाग यात्रा को लेकर भी विस्तृत चर्चा कि गई तथा नगर में आवारा पशुओं तथा बसों में प्रेशरहॉर्न के अहम मुद्दों पर भी चर्चा हुई। थाना प्रभारी समीर पाटीदार ने कहा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेशों को साझा करने से बचें। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी तथा शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, सभी समुदायों से आपसी संवाद बनाए रखने और किसी भी विवाद की स्थिति में तत्काल प्रशासन को सूचित करने का आग्रह किया गया। शांति समिति बैठक में एसडीओपी विश्वदीपसिंह परिहार, थाना प्रभारी समीर पाटीदार, नगर पालिका उपाध्यक्ष दीपक जैन, रघुनाथ वसुनिया पार्षदगण तथा पत्रकार आदि उपस्थित थे।

# करीला मेले की गरिमा बनाए रखने हेतु जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन



**गोलू यादव**

जिला अशोकनगर में रगपंचमी महोत्सव करीला मेले लेकर विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल ने कलेक्टर महोदय को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मेले के दौरान भक्ति और पारिवारिक वातावरण बनाए रखने हेतु प्रशासन से आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया गया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि मेले क्षेत्र में शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री और सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। साथ ही जेबकतरी, चोरी जैसी असामाजिक गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए।

इसके अतिरिक्त अश्लील एवं आपत्तिजनक संगीत/कार्यक्रमों पर रोक लगाने तथा धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले कृत्यों पर सख्त कार्रवाई करने की भी मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि करीला मेला अपनी पवित्रता, सांस्कृतिक परंपरा और पारिवारिक स्वरूप के लिए प्रसिद्ध है, इसलिए मेले का आयोजन उसी गरिमा करीला धाम हमारी धार्मिक आस्था और सनातन संस्कृति का महत्वपूर्ण केंद्र है। लोकमान्यता के अनुसार यह वही पुण्यभूमि है जहाँ माता जानकी जी ने लव-कुश को जन्म दिया था। त्रेता युग से जुड़ी इस पवित्र धरा पर सदैव भक्ति, श्रद्धा और सांस्कृतिक परंपराओं का वातावरण बना रहा है।के अनुरूप किया जाई ज्ञापन में विभाग सह मंत्री श्री रामवीर सिंह जी यादव विभाग संयोजक श्री वेदराम जी लोधी जिला उपाध्यक्ष अशोक रघुवंशी जिला मंत्री कंछेदी दांगी जिला सहसंयोजक श्री दशरथ सिंह यादव श्री हेमराज नामदेव श्री वकील जी लोधी नगर अध्यक्ष रमेश जी गुप्ता श्री अभिषेक शर्मा नगर अमित जी पड़रिया अविनाश शर्मा गोलू यादव बरोदिया राहुल यादव राहुल जैन अभिषेक धाकड़ सौरभ जी शर्मा एवं समस्त विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दबंगों का पुलिस आरक्षक पर हमला मारपीट कर वर्दी फाड़ी केस हुआ दर्ज

**प्रदीप सिंह बघेल**
**उमरिया:**

**जिला मुख्यालय के रणविजय चौक के पास कानून व्यवस्था को सरेआम चुनौती देने वाली एक घटना सामने आई है, जहां ड्यूटी से लौट रहे एक पुलिसकर्मी पर ही हमला कर दिया गया। भीड़ के बीच न केवल आरक्षक के साथ धक्का-मुक्की की गई, बल्कि उनकी वर्दी तक फाड़ दी गई। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।**



## प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार

जानकारी के अनुसार, आरक्षक मुकेश सिंह अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद घर लौट रहे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि कुछ लोग एक मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति के साथ मारपीट कर रहे हैं। मानवीयता दिखाते हुए आरक्षक मुकेश सिंह ने बीच-बचाव कर उस व्यक्ति को बचाने का प्रयास किया, लेकिन यह उन्हें ही महंगा पड़ गया।

## नागरिक की सुरक्षा पड़ा महंगा

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब आरक्षक मुकेश सिंह ने आरोपियों को रोकने की कोशिश की तो वे उनसे ही उलझ गए। मुख्य आरोपी, जिसकी पहचान विमल लाड़िया के रूप में हुई है, ने आरक्षक पर हमला कर दिया। दोनों के बीच हुई धक्का-मुक्की में आरोपी ने आरक्षक की वर्दी फाड़ दी। घटना के दौरान मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

## पुलिस का भी नहीं डर

इस पूरे वाकये ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दिन-दहाड़े एक पुलिसकर्मी पर इस तरह का हमला क्षेत्र में असामाजिक तत्वों के बढ़ते हौसले को दर्शाता है।

## प्रकरण दर्ज

पुलिस आरोपी की तलाश में घटना की सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रण में लिया। घायल आरक्षक मुकेश सिंह ने थाने पहुंचकर आरोपी विमल लाड़िया के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने, मारपीट करने और अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना**

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा! अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

# किसानों के हित सर्वोपरि

# विभिन्न मांगों पर तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट:इंदौर दुग्ध संघ

इंदौर। इंदौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इंदौर के संज्ञान में यह बात आई है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा दुग्ध संघ प्रबंधन के विरुद्ध 5 मार्च को घेराव का आह्वान किया गया है तथा किसानों से संबंधित विभिन्न मांगें प्रस्तुत की गई हैं। इस संबंध में संघ प्रबंधन द्वारा तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया गया है कि दुग्ध उत्पादक किसानों के हितों की रक्षा संघ की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा जिन मुद्दों को लेकर आंदोलन की बात कही जा रही है, उनमें से अधिकांश पर कार्यवाही पूर्व से ही प्रचलन में है अथवा प्रक्रिया अंतिम चरण में है। संघ प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि 25-26 सीएलआर पर कटौती बंद करने की मांग के संबंध में वर्तमान में पूर्व से संचालित पद्धति के अनुसार ही भुगतान किया जा रहा है तथा किसी प्रकार की अतिरिक्त कटौती नहीं की जा रही है। दूध के क्रय मूल्य को 9 रुपये प्रति फैट करने की मांग के संदर्भ में बताया गया कि दिनांक 01 मार्च 2026 से दूध का क्रय मूल्य बढ़ाकर 850 प्रति किलोग्राम फैट कर दिया गया है। आगामी दुग्ध सीजन में बाजार की स्थिति, मांग एवं प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखते हुए परिस्थितियों के अनुरूप 900 प्रति किलोग्राम फैट तक वृद्धि किए जाने पर विचार किया जाएगा।

वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 के लाभांश तथा दुग्ध समितियों के बोनस वितरण के संबंध में संघ ने जानकारी दी कि लाभ विभाजन की संपूर्ण तैयारी कर ली गई है तथा शीघ्र ही भुगतान की कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी। पशुआहार की गुणवत्ता एवं दरों के संबंध में प्रबंधन ने बताया कि पशुआहार की गुणवत्ता सुधार हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान बाजार परिस्थितियों में पशुआहार निर्माण में उपयोग होने वाले कच्चे माल की दरों में वृद्धि होने के कारण विक्रय दरों में वृद्धि करना आवश्यक हुआ है। 5 प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि के संबंध में संघ ने स्पष्ट किया कि इंदौर दुग्ध संघ द्वारा दूध के क्रय मूल्य में पूर्व में ही 5 प्रति लीटर से अधिक की वृद्धि की जा चुकी है। राज्य शासन द्वारा औपचारिक आदेश जारी होते ही प्रोत्साहन राशि तत्काल प्रभाव से लागू कर दी जाएगी। इसके अतिरिक्त संघ द्वारा स्पष्ट किया गया है कि 15 किलो घी के डिब्बों की आपूर्ति दुग्ध समितियों एवं बाजार में नियमित रूप से की जा रही है तथा भविष्य में भी आपूर्ति निरंतर जारी रहेगी। संघ प्रबंधन ने यह भी बताया कि आउटसोर्स अधिकारी एवं कर्मचारियों को नियमानुसार उचित मानदेय एवं समय पर वेतन का भुगतान किया जा रहा है, तथा इस संबंध में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं है।

इस संबंध में इंदौर सहकारी दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बलबीर शर्मा ने कहा कि "इंदौर दुग्ध संघ सदैव दुग्ध उत्पादक किसानों के हितों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध रहा है। वर्तमान में जिन विषयों को लेकर आंदोलन की बात कही जा रही है, उनमें से अधिकांश पर आवश्यक निर्णय लिए जा चुके हैं अथवा प्रक्रिया पूर्ण होने की स्थिति में है। किसानों से अपील है कि वे किसी भी प्रकार के भ्रम या बहकावे में न आएं। संघ प्रबंधन संवाद के लिए सदैव तैयार है तथा सभी वैधानिक मांगों का निराकरण नियमों के अनुसार किया जाएगा। सहकारिता की भावना से ही सभी का विकास संभव है।" इंदौर दुग्ध संघ ने सभी दुग्ध उत्पादक किसानों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु सीधे दुग्ध संघ

# आगामी त्यौहारों में सुगम यातायात हेतु पैट्रोलिंग टीमो द्वारा

## पारम्परिक हाट, मुख्य मार्गो/बाजारों में लगातार किया जा रहा भ्रमण





### कार्यवाही के परिणामस्वरूप कई क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था अधिक सुगम हुई जिसकी जिम्मेदार नागरिकों द्वारा सराहना की गई

**आदित्य शर्मा**

इंदौर शहर में यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारू, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री आर.के. सिंह एवं पुलिस उपायुक्त (प्रभारी यातायात )श्री राजेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में यातायात के चारों जोन के लिए विशेष पेट्रोलिंग टीमों द्वारा लगातार सुगम यातायात के लिए कार्यवाही की जा रही। इन टीमों का मुख्य उद्देश्य शहर के व्यस्ततम मार्गों, प्रमुख बाजार क्षेत्रों एवं यातायात दबाव वाले स्थानों पर अव्यवस्थित एवं अवैध पार्किंग पर नियंत्रण कर यातायात को सुगम बनाना है।

इसी क्रम में दिनाँक 2 मार्च को यातायात की सभी पेट्रोलिंग टीमों द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में भ्रमण कर आगामी त्यौहारों को देखते हुए लगने वाले पारंपरिक हाट, बाजारों में व्यवस्था की गई। यातायात दबाव एवं अव्यवस्थित पार्किंग की स्थिति का निरीक्षण किया गया तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध व्हील लॉक लगाकर वैधानिक कार्यवाही की गई। इन क्षेत्रों में कार्यवाही की गई

यातायात जोन-1 : कालानी नगर, एयरपोर्ट रोड, बड़ा गणपति से गौराकुण्ड, अंतिम चौराहा तक कार्रवाई।

यातायात जोन-2 : मालवामिल से पाटनीपुरा, भमोरी, एलआईजी, रसोमा, मेदांता रोड, एमआर 9, रोबोट, विजयनगर क्षेत्र में कार्यवाही

यातायात जोन-3 : खातीपुरा उतार, जेल रोड, एमटीएच, आरएनटी मार्ग, एमजी रोड, व्हाइट चर्च से दवा बाजार, मधु मिलन, जंजीरवाला, पलासिया से व्हाईट चर्च, घण्टाघर से गीताभवन सड़क के दोनों तरफ कार्यवाही।

यातायात जोन-4 : सपना संगीता, टॉवर चौराहा से खातीवाला टैंक, सिंधी कालोनी, राजवाड़ा क्षेत्र, जवाहरमार्ग, खजूरी बाजार, सराफा क्षेत्र, भवरकुआ से भोलाराम उस्ताद मार्ग।

पेट्रोलिंग टीमों द्वारा मुख्य मार्गों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सतत भ्रमण करते हुए पीए सिस्टम, बॉडी वॉर्न कैमरा, क्रेन/सपोर्ट वाहन, व्हील लॉक एवं पीओएस मशीन की सहायता से अवैध पार्किंग कर यातायात बाधित करने वाले 200 से अधिक वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई वही 1000 से अधिक वाहनों को एनाउंसमेंट कर हटाया गया। यातायात पुलिस द्वारा पहले वाहन चालकों को समझाइश एवं चेतावनी दी जा रही, इसके पश्चात नियमों का उल्लंघन जारी रहने पर व्हील लॉक एवं क्रेन के माध्यम से चालानी कार्यवाही की गई। पुलिस उपायुक्त सहित यातायात के अधिकारियों द्वारा व्यापारियों रहवासियों के साथ लगातार बैठक की जा रही है। नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने तथा निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने की अपील की गई।

यातायात पुलिस द्वारा की जा रही निरंतर कार्यवाही के परिणामस्वरूप कई क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था अधिक सुगम हुई है तथा आम नागरिकों को राहत मिली है। इंदौर यातायात पुलिस द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने हेतु यह अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा आगामी दिनों में भी विभिन्न क्षेत्रों में विशेष पेट्रोलिंग एवं सख्त कार्यवाही लगातार की जाएगी।

# युवक का नाले में मिला शव क्षेत्र में मचा हड़कंप हत्या की आशंका

**प्रदीप सिंह बघेल**



शहडोल जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र के कांदादहरा गांव उस समय हड़कंप मच गया जब एक नाले में शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस मौके पर पहुंच गयी है शव की पहचान अशोक गोंड के रूप में की गई है परिवार वालों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। सूचना मिलते ही सोहागपुर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) की टीम भी घटनास्थल पर मौजूद है और साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है...

# अवैध उत्खनन पर कार्रवाई जारी रेत से भरी ट्रेक्टर ट्राली हुई जप्त

**प्रदीप सिंह बघेल**



शहडोल। अवैध रेत खनन एवं परिवहन के खिलाफ पुलिस की सख्त एवं सतत करवाई जारी है जिसके अंतर्गत शहडोल जिले कि केशवाही पुलिस ने अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम पकरिहा में दबिश दी, जहां महिंद्रा कंपनी का ट्रैक्टर क्रमांक सीजी-31-सी 2545 ट्रॉली में रेत लोड कर परिवहन करते पाया गया। जांच के दौरान ट्रैक्टर चालक पारस केवट (25) पिता मिठाई लाल केवट तथा वाहन स्वामी विष्णुकांत शुक्ला, दोनों निवासी ग्राम पकरिहा चौकी केशवाही थाना बुढार जिला शहडोल, के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं खनिज अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया है और मामले की विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार क्षेत्र में अवैध खनन और परिवहन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। उक्त कार्रवाई थाना प्रभारी बुढार के निर्देशन में की गई, जिसमें प्रधान आरक्षक राजभान सिंह, आरक्षक उमेश राठौर एवं गणेश सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए शहडोल एवं बुढ़ार नगर में डेरी एवम मिष्ठान प्रतिष्ठानों की हुआ सघन निरीक्षण

**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल- होली त्यौहार के मद्देनज़र रखते हुए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह द्वारा खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को सतत रूप से सघन जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में संचालित मिष्ठान दुकानों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों की सघन जांच एवं निरीक्षण की कार्रवाई की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री आरके सोनी द्वारा शहडोल एवं बुढार नगर क्षेत्र में विभिन्न प्रतिष्ठानों में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बुढार स्थित गणेश मिष्ठान, श्याम मिष्ठान, अंकुर स्वीट्स, जोधपुर स्वीट्स तथा आदर्श भोग भंडार की जांच की गई। वहीं शहडोल नगर में शिव डेरी, गोकुल डेयरी, राजस्थान स्वीट्स, बबलू डेरी, पंजाब डेरी, कोलकाता डेरी सहित अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया तथा विभिन्न मिष्ठानों एवं खाद्य सामग्रियों के सैम्पल लेकर जांच हेतु लैब को भेजे गए। जांच के समय अधिकारियों द्वारा प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, भंडारण व्यवस्था एवं निर्माण प्रक्रिया का अवलोकन किया गया। सभी संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें तथा उच्च गुणवत्ता की खाद्य सामग्री का निर्माण एवं विक्रय सुनिश्चित करें, ताकि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से किसी प्रकार का समझौता न हो। खाद्य सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण के दौरान रसगुल्ला, कलाकंद, खोवा सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के सैंपल जांच हेतु लिए गए हैं। संबंधित सैंपल खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित खाद्य प्रतिष्ठान के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )